## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–10 दिसंबर 2024 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया बीमा सखी योजना का शुभारंभ। कहा– उनकी सरकार ने पिछले दस वर्षों में महिला सशक्तिकरण के लिये उठाये कई अभूतपूर्व कदम।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में सत्तर वर्ष से अधिक आयु के लाभार्थियों को वितरित किये आयुष्मान वय वंदना कार्ड। कहा– सशक्त भारत के निर्माण के लिए 'स्वस्थ भारत' का होना जरूरी।
- जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कल पहली बार हुई विमान की लैंडिंग। केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री के.आर. नायडू ने कहा– आर्थिक विकास के केन्द्र के रूप में पहचान बनायेगा यह एयरपोर्ट।
- रोड–शो के जरिये प्रदेश के नगर विकास और व्यावसायिक शिक्षा मंत्री ने अहमदाबाद के लोगों को महाकुंभ में आने का दिया निमंत्रण।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं में वित्तीय साक्षरता और बीमा जागरूकता को बढावा देने के लिए कल हरियाणा के पानीपत से बीमा सखी योजना का शुभारंभ किया। भारतीय जीवन बीमा निगम की इस पहल से 18 से 70 वर्ष तक आयु की महिलाओं का सशक्तीकरण होगा। इस योजना के अंतर्गत दसवीं पास महिलाओं को विशेषज्ञता प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम में भावी बीमा सखियों को नियुक्ति प्रमाण पत्र भी बांटे। इस कार्यक्रम में लखनऊ समेत प्रदेश के 9 जनपदों मेरठ, बरेली, अलीगढ़, आगरा, वाराणसी, कानपुर, प्रयागराज और गोरखपुर की भावी बीमा सखी भी वर्चुअली शामिल हुईं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने पिछले दस वर्षों में महिला सशक्तीकरण के लिए अभूतपूर्व कदम उठाये हैं।

***साथियों गांव–गांव में बैंकिंग सुविधाएं पहुंचाने में हमारी बहनों ने ही बड़ी भूमिका निभाई है। आप कल्पना कर सकते हैं जिनके बैंक खाते तक नहीं थे वो अब बैंक सखी के रूप में गांव के लोगों को बैंकों से जोड़ रही है। बैंक में कैसे बचत होती है, कैसे लोन मिलता है। ये सब कुछ लोगों को सिखा रही है हमारी माताएं बहनें ऐसी लाखों बैंक सखियां आज गांव में सेवाएं दे रही हैं।***

कार्यक्रम में उपस्थित अलीगढ़ की बीमा सखी अमिता गुप्ता ने कहा कि बीमा सखी के तौर पर काम करके उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा और आर्थिक मदद भी मिलेगी।

***प्रधानमंत्री जी ने बीमा सखी योजना प्रारम्भ की है। इससे मुझे जानकर बहुत खुशी हो रही है कि उन्होंने महिला के बारे में कुछ सोचा है जिससे महिलाओं का सेल्फ कांफिडेंस बढ़ेगा और जिससे उनके परिवार में भी सैलरी कुछ आ सकेगी जिससे उनका घर परिवार चल सकेगा। इससे उनके लिये बहुत खुशी की बात है कि पहले कमीशन था खाली, अब इसमें सैलरी भी दी जा रही है 3 साल के बाद उकना जैसे–जैसे काम बढ़ता जायेगा उनको और भी ज्यादा कमीशन मिलता चला जायेगा इसके लिये धन्यवाद करती हूं।***

वहीं मेरठ की श्रद्धा ने बताया कि वह बीमा सखी के तौर पर बाकी महिलाओं को भी इस पहल से जोड़ना चाहती हैं जिससे उनका जीवन भी बेहतर बन सके।

***मोदी जी ने बीमा सखी वाला यह योजना शुरू कर रहे हैं मैं भी इससे जुड़ी। अब मैं इससे करके कुछ कमीशन भी पाऊंगी और मुझे महीने में इनकम भी होगी और आसपास की सभी महिलाओं को इससे जोड़कर कुछ अच्छा करना चाहती हूं, उनकी शक्ति को बढ़ाना चाहती हूं, ताकि हमारे देश का भी विकास हो सके इसके लिये मैं मोदी जी को धन्यवाद करती हूं।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आयुष्मान भारत योजना को दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना बताते हुए कहा कि यह ऐसी पहली बीमा योजना है जिसमें लाभार्थी को एक भी पैसा नहीं देना पड़ता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के हर नागरिक की आरोग्यता का लक्ष्य लेकर चलायी जा रही इस योजना पर केन्द्र और प्रदेश सरकार प्रतिबद्धता से काम कर रही है।

मुख्यमंत्री कल गोरखपुर के महंत दिग्विजयनाथ पार्क में आयोजित आयुष्मान वय वंदना कार्ड वितरण समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने सत्तर वर्ष से अधिक आयु के उन्नीस लाभार्थियों को अपने हाथों कार्ड प्रदान कर उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 'सशक्त भारत' के निर्माण के लिए स्वस्थ भारत का होना जरूरी है। आयुष्मान योजना का सर्वाधिक लाभ उत्तर प्रदेश के लोगों को मिला है।

***उत्तर प्रदेश में अब तक देश के अंदर सर्वाधिक पाँच करोड़ पच्चीस लाख लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बन गए हैं। उत्तर प्रदेश के अंदर नौ करोड़ से अधिक लोग पात्रता की श्रेणी में आते है जो आयुष्मान कार्ड की सूची में शामिल होकर के प्रतिवर्ष पाँच लाख रुपए की स्वास्थ्य बीमा का कवर सरकार से प्राप्त कर सकते हैं और इसके लिए सरकार ने व्यापक प्रबंधन किए हैं।***

इससे पहले मुख्यमंत्री ने लखनऊ में किसानों के लिए आयोजित एक निजी कार्यक्रम में भी हिस्सा लेते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने किसानों के हित के लिए ईमानदारी से प्रयास किए हैं।

**********

जेवर के नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कल पहली बार विमान की लैंडिंग की गई। इस दौरान केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री के आर नायडू के साथ प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर श्री नायडू ने कहा कि इस एयरपोर्ट के संचालन से क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी और यह आर्थिक विकास के केंद्र के रूप में पहचान बनाएगा। यह प्रदेश का पांचवां अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के सीईओ डॉक्टर अरूणवीर ने कहा कि एयरपोर्ट का निर्माण तीन साल दो माह ग्यारह दिन में पूरा हुआ है, जो अपने आप में रिकॉर्ड है। एयरपोर्ट पर विमान की सफलतापूर्वक पहली लैडिंग पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खुशी व्यक्त की। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि आज का दिन देश और उत्तर प्रदेश के लिये ऐतिहासिक है। प्रधानंमत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में विकास के रन–वे पर नये भारत का नया उत्तर प्रदेश, नई उड़ान भर रहा है। नोएडा एयरपोर्ट के रनवे पर कल दोपहर में दिल्ली से उड़ान भरने वाले व्यावसायिक विमान ने पहली लैंडिंग की, जिसका स्वागत वाटर कैनन से किया गया।

**********

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा और व्यावसायिक शिक्षा राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कल अहमदाबाद के लोगों को महाकुंभ में आने का निमंत्रण दिया। प्रदेश सरकार की ओर से दोनों मंत्रियों ने रोड शो और संवाद कार्यक्रम के माध्यम से गुजरात के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, उद्यमियों और गणमान्य लोगों को महाकुम्भ की तैयारियों, विशेषताओं और सुरक्षा के विशेष इंतजामों की जानकारी दी।

**********

प्रदेश में केंद्रीय कैबिनेट की ओर से पांच केंद्रीय विद्यालय खोलने के फैसले पर प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने केंद्र सरकार का आभार जताया है। श्री यादव ने कहा कि केंद्रीय विद्यालय खुलने से यहां शिक्षा के क्षेत्र में सुधार आएगा।

***जौनपुर में केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना के लिये स्वीकृति हुई है। ये केन्द्रीय विद्यालय के निर्माण में 33 करोड़ 43 लाख रुपये लागत से लगभग बनेगा। इसमें 6 सौ 60 छात्र प्रवेश करेंगे और कुल लगभग 63 अध्यापक प्रिंसपल से लेकर के 61 कर्मचारियों की भर्ती होगी। यह जौनपुर शिक्षा के क्षेत्र में बहुत अग्रणी जिला रहा है, लेकिन किसी न किसी कारण से यह केन्द्रीय विद्यालय से अछूता रहा है। यह सौगात मिलने से यहां के लोगों को पठन पाठन में सुविधा होगी इसके लिये मैं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी का धन्यवाद प्रकट करता हूं।***

**********

स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन का 7वां संस्करण कल से देशभर के 51 केंद्रों पर शुरू होगा। । केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान वर्चुअली इस कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। यह हैकेथॉन एक राष्ट्रव्यापी पहल है, जिसका उद्देश्य छात्रों को दैनिक जीवन में आने वाली गंभीर समस्याओं को हल करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के लिए इस बार 54 मंत्रालयों, विभागों, राज्य सरकारों, सार्वजनिक उपक्रमों और उद्योगों ने 250 से अधिक समस्याओं के बारे में विचार साझा किए हैं। यह अब तक का सबसे बड़ा संस्करण होगा।

**********

प्रदेश के सभी जनपदों में 14 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसके जरिए अदालत में दीवानी, फौजदारी और राजस्व न्यायालयों में लंबित मुकदमों के साथ–साथ प्री–लिटिगेशन वैवाहिक विवादों का समाधान भी कराया जायेगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी तरह के शमनीय आपराधिक मामले, बिजली और पानी के बिल से संबंधित, बैंक रिकवरी, राजस्व इत्यादि का समाधान किया जाएगा।

**********